हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 01 मार्च, 2026, समय 1305 (5 मिनट)

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा है ईरान और इस्राएल के बीच बढ़ते तनाव के कारण आज चार सौ 44 उड़ानें रद्द होने की संभावना है।

मंत्रालय ने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय-डी.जी.सी.ए यात्रियों की सुरक्षा और परिचालन नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए एयरलाइंस के साथ मिलकर काम कर रहा है।

....

एयर इंडिया ने आज रात 11 बजकर 59 मिनट तक ईरान अमरीका युद्ध प्रभावित क्षेत्र के सभी गंतव्यों के लिए उड़ानें रद्द कर दी हैं। एक अन्य परामर्श में, एयर इंडिया ने कहा कि आज के लिए निर्धारित 28 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को लेकर विकसित हरियाणा - विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री कल अंबाला जिले के

गांव कड़ासन में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के अनावरण करने के उपरांत संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक संत नहीं, बल्कि भारत की सोई हुई राष्ट्रीय चेतना को जगाने वाले युगपुरुष थे। उनकी प्रतिमा केवल पत्थर की मूर्ति नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति का जीवंत प्रतीक है।

उन्होंने स्वामी विवेकानंद उत्थान समिति को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करते हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गांव कड़ासन में विकास कार्यों के लिए 21 लाख रूपए तथा स्वामी विवेकानन्द उत्थान समिति को भी 21 लाख रूपए देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 25 महिलाओं का सिलाई मशीनें भी वितरित की।

पानीपत के समालखा स्तिथ चुलकाना धाम में फाल्गुन वार्षिक उत्सव के तीन दिवसीय मेले मे प्रदेशभर और पड़ोसी राज्यों से आस्था का संगम देखने को मिल रहा। कल शुरू हुए उत्सव में 4 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे हैं।

कैथल में पुलिस विभाग में नशा मुक्ति टीम के सदस्य हवलदार सुनील संधु को पंजाब पुलिस नियमावली के नियमों की अवहेलना करने के कारण सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

कैथल की पुलिस अधीक्षक उपासना ने कल शाम एक पत्रकारवार्ता में बताया कि मुख्य सिपाही सुनील द्वारा घोर दुराचार, अवज्ञाकारिता व अनुशासहीनता का परिचय दिया गया। उन्होंने बताया कि इस कारण सोशल मीडिया के माध्यम से इस प्रकार का माहौल बन गया था, जिससे पुलिस विभाग का अनुशासन व समाज की शांति भंग होने का खतरा पैदा हो गया था। इन परिस्थियों में उसे सरकारी सेवा से बर्खास्त किया गया है।

काबिलेगौर है कि हवलदार सुनील संधु ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आकर अप पुलिस अधीक्षक पर झूठे केस में फंसाने के तथ्यहीन आरोप लगाए थे। पुलिस अधीक्षक उपासना ने बताया कि ऐसा लग रहा था वह किसी राजनीतिक दल के उकसावे में ऐसा कर रहा है।

श्रद्धालुओं के हज़ूम को देखते हुए पानीपत प्रशासन ने जहाँ सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध किए हैं वही मंदिर समिति द्वारा भी श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रकार की सुविधाओं का इंतजाम किया गया है।आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

श्रद्धालु कल भी दिन भर चुलकाना धाम में हारे के सहारे खाटू श्याम के जयकारे लगते रहे। विधायक मनमोहन भड़ाना की ओर से हेलीकॉप्टर से मंदिर व श्याम प्रेमियों के ऊपर पुष्प वर्षा भी की गई।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने यमुनानगर में अनुसूचित जाति के किसानों को 480 स्प्रे पंप नि:शुल्क वितरित किए।

कृषि मंत्री ने कहा कि फसलों पर कीटनाशक एवं पोषक तत्वों के समान और प्रभावी छिडक़ाव के लिए आधुनिक स्प्रे पंप अत्यंत उपयोगी हैं। इससे किसानों को कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त होगा तथा समय की भी बचत होगी।

इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक खेती अपनाने पर बल दिया।उन्होंनेवख कि कृषि भूमि में अधिक मात्रा में रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों का प्रयोग करने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति खत्म होती जा रही है। इसके साथ ही भूमि के प्राकृतिक स्वरूप में भी बदलाव हो रहे है जो किसानों के लिए काफी नुकसानदायक है।

श्री राणा ने कहा कि सभी को पानी बचाने के लिए भी आगे आना होगा। यदि पानी बचाने के लिए अभी से ही प्रयास नहीं किए तो आने वाली पीढ़ियों को इसका खामियाजा उठाना पड़ेगा।